प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.................

- महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से आज से उदयपुर में चिंतन शिविर का आयोजन–विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि महिलाओं और बच्चों के कल्याण से जुडे मुद्दों पर चर्चा करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज बाड़मेर और बालोतरा ज़िले के दौरे पर–रिफाईनरी के निर्माण कार्यो का अवलोकन करेंगे।
- बीकानेर में आज से अंतर्राष्ट्रीय ऊंट महोत्सव की शुरूआत।
- राज्य में आज से मौसम में बदलाव की संभावना–कई इलाकों में मावठ तो कहीं–कहीं ओलावृष्टि का अलर्ट।

...............

महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से आज से उदयपुर में चिंतन शिविर का शुभारम्भ किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी। तीन दिन चलने वाले इस शिविर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास और कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और राज्यों के नवाचारों पर भी विचार विमर्श होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम में मंत्रालय की प्रमुख पहलों पर ध्यान केन्द्रित करने वाले कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किये जायेंगे। इनमें मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति, मिशन सक्षम आंगनबाडी और पोषण 2.0 शामिल है। इन सत्रों का उद्देश्य महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकालना और देश में महिलाओं के कल्याण और बच्चों के विकास को मजबूत बनाने के लिए भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है।

...............

कार्यक्रम में केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा महिला और बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, विभिन्न राज्यों के महिला और बाल विकास मंत्री, सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों सहित डेढ़ सौ प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

...............

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में भाग लेंगी। इस अवसर पर वे लगभग 75 देशों से बड़ी संख्या में आए प्रवासी भारतीयों को संबोधित करेंगी। बुधवार से शुरू हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आज आखिरी दिन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया। राष्ट्रपति मुर्मु विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान करेंगी। यह पुरस्कार किसी अनिवासी भारतीय, भारतीय मूल के व्यक्ति अथवा एन.आर.आई. या पी.आई.ओ द्वारा स्थापित किसी संगठन या संस्था को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

...............

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज बाड़मेर और बालोतरा ज़िले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नागाणा स्थित मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल का अवलोकन करेंगे तथा एमपीटी की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री के साथ वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री के. के. विश्नोई भी मौजूद रहेंगे। श्री शर्मा आज ही बालोतरा ज़िले की रिफाईनरी का भी दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री रिफाइनरी में

नाइट्रोजन प्लांट का भी उद्घघाटन करेंगे। इसके बाद उनका रिफाइनरी के निर्माण कार्यो की समीक्षा का कार्यक्रम है।

...............

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय शिष्ट मंडल स्कॉटलैण्ड पंहुचा। श्री बिरला की इस दौरान स्कॉटलैण्ड के स्पीकर एलिसन जॉन स्टोन से मुलाकात हुई। दोनों ने सतत आर्थिक विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। दोनो देशों के बीच पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

...............

बीकानेर में आज से अंतर्राष्ट्रीय ऊंट महोत्सव की शुरूआत हो रही है। हर साल होने वाला यह महोत्सव राजस्थान की संस्कृति का दर्शन कराता है। फेस्टिवल की शुरूआत हैरिटेज वॉक के साथ हो रही है। ये वॉक लक्ष्मीनाथ मंदिर से शुरू होकर रामपुरिया हवेली के पास पूरी होगी। इस दौरान नगाड़ा, मश्क, चंग और बांसरी वादन के साथ भजन गायन भी होगा। तीन दिन के इस फेस्टिवल में हैंडीक्राफ्ट्स और फूड फेस्टिवल भी होगा। फस्टिवल के दौरान भुजिया, घेवर और जलेबी बनाने का लाईव कार्यक्रम होगा। वहीं राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र परिसर में ऊंटों की प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक संध्या, अग्नि नृत्य, सेंडआर्ट प्रदर्शनी, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिाएं भी आयोजित की जाएगी।

...............

भीलवाड़ा में आज से पांच दिवसीय हरित मेला शुरू हो रहा है। मेले का शुभारंभ वन और पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा करेंगे। मेले में पर्यावरण जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

...............

अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती का 813वां उर्स आज कुल की रस्म के साथ संपन्न हो जाएगा। इस मौके पर दरगाह परिसर को धोया जाएगा। हालांकि अकीदतमंदो ने कल रात से ही आस्थाने की दीवारों को धोना शुरू कर दिया था। कुल की रस्म के साथ ही सैयद जादगान अंजुमन की ओर से औपचारिक रूप से उर्स के समापन का ऐलान किया जाएगा।

...............

सवाईमाधोपुर में डेयरी विभाग आज से दूध की जांच के लिए विशेष अभियान दूध का दूध पानी का पानी शुरू कर रहा है। दूध में मिलावट रोकने के लिए 30 जनवरी तक आयोजित इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर दूध की निशुल्क जांच की जाएगी।

...............

प्रदेश में आज से मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से तीन दिनों तक कई स्थानों पर बारिश होने घना कोहरा छाने और कहीं—कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। विभाग के अनुसार आज जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं—कहीं गरज के साथ हल्की बरसात हो सकती है। विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और कहीं—कहीं ओले गिरने की संभावना है।

.....

इस बीच प्रदेश के विभिन्न इलाकों में तेज ठण्ड का असर बना हुआ है। सवाईमाधोपुर, करौली और पाली में शीतलहर चलने से आमजनजीवन प्रभावित हो रहा है। हनुमानगढ़ और भरतपुर में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। कोहरे के कारण रेल यातायात भी प्रभावित हो रहा है। ठण्ड और कोहरे के चलते कई रेलगाड़ियां निर्धारित समय से देरी से चल रही है।

...............